केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं.सीबीएसई/सीई/पीएस/समन्वय/2023 **दिनांक: 17.08.2023**

अनुस्मारक-I

सीबीएसई से संबद्ध
सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य

विषय: एलओसी की प्रस्तुति के समय सही सूचना/डाटा भरना

महोदया/महोदय,

दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए, सीबीएसई उम्मीदवारों की सूची के रूप में स्कूलों से छात्रों के नाम एकत्र करता है।

एलओसी भरते समय, स्कूलों से यह अपेक्षा की जाती है कि जनांकिकीय विवरण और छात्रों द्वारा प्रस्तावित विषयों को सही ढंग से भरा जाए। इन दोनों विवरणों को सही ढंग से प्रस्तुत करने से निम्नलिखित लाभ हैं:-

1. परीक्षाएँ सुचारु रूप से आयोजित की जाती हैं और छात्रों को परीक्षा से पहले किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है।
2. उत्तीर्ण दस्तावेज़ सही विवरण के साथ जारी किए जाते हैं और छात्रों को बाद में अपने डाटा के सही होने से संबंधित किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है।

हालाँकि, पूर्व में यह देखा गया है कि स्कूल और छात्र विवरण भरने में सावधानी नही बरत रहे और इसलिए गलत डाटा प्रस्तुत कर रहे हैं। इस वजह से निम्नलिखित समस्याएं आती हैं:-

1. यदि छात्रों का गलत जनांकिकीय विवरण भरा जाता है, तो छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इन विवरणों को सही कराना होगा और इस प्रकार प्रवेश आदि में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।
2. यदि गलत विषयों को भरा जाता है, तो छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएगा।

चूंकि एलओसी जमा करना शुरू हो गया है, इसलिए इस परिपत्र के साथ एक बार फिर एलओसी में डाटा को सही ढंग से जमा करने के महत्व की ओर सभी स्कूलों का ध्यान दिलाया लाया जाता है। इसलिए, प्रधानाचार्यों/स्कूलों को निर्देश दिया जाता है कि वे उम्मीदवारों की जानकारी भरने से पहले एलओसी अधिसूचना सं.सीबीएसई/एलओसी/2023-24 दिनांक 17/08/2023 को सावधानीपूर्वक पढ़ लें। विवरण भरने के लिए नियुक्त कर्मचारियों से गलतियां न हों इससे बचने के लिए उन्हें उक्त परिपत्र में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों से अवगत कराया जाना चाहिए। सही डेटा के महत्व और गलत डाटा जमा करने के परिणाम के बारे में माता-पिता को भी बताया जाए। एलओसी जमा करने के बाद विषय सुधार पर किसी भी तरह से विचार नहीं किया जाएगा।

अपलोड किए गए डाटा में सुधार के लिए कोई विंडो उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। सही डेटा अपलोड करना संबंधित स्कूल की जिम्मेदारी है। इसलिए, बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले सुनिश्चित करें कि डेटा सही है।

भवदीय,

हस्ता/-

(डॉ. संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in